Regarding all round development in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar

श्री तारिक अनवर **(**कटिहार**)** : महोदया, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान देश के आकांक्षी जिलों में कटिहार को शामिल किया गया है, उस ओर दिलाना चाहता हूं । भारत सरकार ने वर्ष 2018 में जिन 112 जिलों को आकांक्षी जिलों में शामिल किया था, उनमें हमारा संसदीय क्षेत्र कटिहार भी था । इसका उद्देश्य बुनियादी ढांचों में सुधार करके वर्ष 2022 तक नया भारत बनाने का संकल्प था । इसके तहत आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया था ।

महोदया, मुझे यह कहते हुए अत्यंत खेद हो रहा है कि जुलाई, 2023 में कटिहार जिला आकांक्षी जिलों के डेल्टा रैंकिंग में अंतिम पायदान पर पहुंच गया है और यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि डबल इंजन की सरकार बिहार में है, उसके बावजूद जिले को वह प्राथमिकता नहीं दी गई, जिसकी उसे आवश्यकता थी । ? (व्यवधान) महोदया, मैं कंप्लीट कर रहा हूं ।

माननीय सभापति : आकांक्षी जिले वाला विषय था । माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए । मल्लेश बाबू जी।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मैं आग्रह कर रही हूं कि अपनी बात को एक मिनट में कम्प्लीट करें ।